>

Title: Need to construct a road over bridge on N.H. 8 in Behrod, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र के बहरोड़ कस्बे में जहां राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 तथा भरतपुर-अलवर-नारनौल राजमार्ग आपस में क्रॉस करते हैं, यातायात सदैव अव्यवस्थित एवं बाधित रहता है। दोनों मार्गों की भारी व्यस्तता के कारण व ट्रैफिक सिगनल लाइटस नहीं होने के कारण सदैव जाम लगा रहता है तथा इस चौराहे के आसपास दुर्घटनाएं भी बहुत अधिक होती है। अतः तत्काल आवश्यकता है कि वहां ट्रैफिक सिगनल लगे तथा शीघ्र ही यहां रोड ओवरब्रिज का निर्माण हो ताकि एन.एच.-8 का ट्रैफिक द्रुतगति से चल सके। मैं राजमार्ग मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि नेशनल हाइवे अथॉरिटी को इस बारे में शीघ्र निर्देश दें।